February 2016

TODAY

EURASIA REIYUKAI

Year : 4, Vol. 32

www.eurasiareiyukai.com

Smile of the Month



संस्थापिका महागुरु किमी कोतानी जी के प्रति प्रतिज्ञा समारोह में ९ फरवरी २०१६ के दिन अपनी पहुँचवाली मिहाता शाखा और समाज विकास केन्द्रों में सदस्यों के साथ-साथ सहभागी होकर महागुरुजी के प्रति गुण लौटाएं।

२४ फरवरी २०१६ के दिन गुरु आन् -यू ग्यो तेकु जेन् शी जी का १२वा पुण्यतिथि स्मरण समारोह सम्पूर्ण मिहाता शाखा और समाज विकास केन्द्रों में आयोजित होने के कारण अपने पहुंचवाले स्थान पर सदस्यों के साथ-साथ सहभागी होकर गुरुजी के प्रति गुण लौटाएँ।

नागरिक साफ-सफाई अभियान

यूराशिया रेयूकाई प्रत्येक शनिवार के दिन भारत तथा नेपाल देश के विभिन्न क्षेत्रों में नागरिक साफ-सफाई अभियान अंतर्गत निरंतर गांव, नगर, बस्तियों में स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर साफ-सफाई का कार्य करते आ रहे हैं। इस अभियान से हम काफी उत्साहित और क्रियाशील हैं। सभी मिलकर अपने रहने वाले घर-परिवार, समाज और देश को साफ और सुन्दर बनाते जाने के अभियान में लग पड़ें।

नागरिक साफ-सफाई अभियान, सिलीगुड़ी (भारत)

नागरिक साफ-सफाई अभियान, नेपाल

खुशीको अनुभव

नाम : राजेन्द्र पुरी,
उपाधि : जुनहोजाशु
क्षेत्र : बेली, धनगढी
शिबुचो : भरतनाथ योगी,
शाखा : यूराशिया रेयूकाई १३औं

सभी को नमस्कार।

यूराशिया रेयूकाई के बारे में पहले से ही जानकारी थी, लेकिन यूराशिया रेयूकाई १३ वीं शाखा द्वारा बेली क्षेत्र में आयोजित किये गये साफ-सफाई कार्यक्रम और उसके बाद आयोजित युवा मिलन से अत्याधिक प्रभावित होकर मिचिबिकी ओया सरस्वती गिरी के माध्यम से १२ सितम्बर २०१५ को इस संस्था में प्रवेश करने का मौका प्राप्त किया हूँ। सदस्य बनने के बाद से नियमित रूप से ८ और १८ तारीख के मिलनों में धनगढी कार्यालय में सहभागी होकर अभ्यास करने का मौका प्राप्त करता आरहा हूँ। मिलनों में मिहाता जिम्मेवार शिबुचो एवं शिबुचो जी के माध्यम से संस्थापक अध्यक्ष जी के मार्गनिर्देशनों को ग्रहण करने का मौका पाकर अभ्यास करता आ रहा हूँ। नमस्कार, धन्यवाद और क्षमा करें जैसे रेयूकाई के व्यवहारिक पक्षों को कार्यान्वयन में उतार कर विभिन्न मिलनों में सहभागी होने का मौका पाकर रेयूकाई शिक्षा के तीन स्तम्भ पूर्वजस्मरण, कर्म शुद्धिकरण और प्रायश्चित अभ्यास से पापों का परिशोधन करने का मौका प्राप्त करने वाले अभ्यास के प्रति वास्तविक रूप से प्रभावित होकर उत्साहपूर्वक मिचिबिकी करने का मौका प्राप्त कर रहा हूँ। शिबुचो जी के माध्यम से घर में सोकाईम्यो विराजमान कराकर अभ्यास करने का मौका प्राप्त कर मिचिबिकी किये सदस्यों के घर को आनंदित व सुखी बनाने की बात महसूस करते हुए मिचिबिकी ओया और शिबुचो जी के साथ मिलकर सदस्यों के घर में सोकाइम्यो स्थापना करने का मौका प्राप्त कर रहा हूँ। धनगढी कार्यालय में होने वाले विभिन्न सामाजिक तथा शैक्षिक कार्यक्रमों में सदस्यों के साथ-साथ समाज की ओर लौटकर करने वाले स्वयंसेवा के क्रियाकलापों में सहभागी होने का मौका प्राप्त हो रहा है। नीलसूत्र का कार्यान्वयन करने का मौका पाकर अपने साथ-साथ सदस्यों को भी कार्यान्वयन करने में लगाकर उन्हें सुखी और खुशहाल बनाते जाने का मौका प्राप्त कर रहा हूँ। अन्त में वर्ष २०१६ में होने वाले गोहोम्यो आत्माग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए आवेदन करनेका मौका पाकर १००दिनोंका अभ्यास करने का मौका पाकर ५० जन सदस्यों के घर में सोकाइम्यो अपने हाथों से लिखकर लोकहितकारी बोधिसत्व के रूप में स्वयं अभ्यास कर यूराशिया रेयूकाई का दिव्यज्योतिर्मय युवा बनने की प्रतिज्ञा करता हूँ। धन्यवाद, नमस्कार।

भूकंप से अतिप्रभावित क्षेत्रों में सहयोग के क्रियाकलाप करने का मौका प्राप्त किया

यूराशिया रेयूकाई द्वारा निरंतर रूप में भूकम्प से अतिप्रभावित क्षेत्रों में विभिन्न सहयोगात्मक क्रियाकलाप आयोजित करने का मौका प्राप्त किया जा रहा है। महाविनाशकारी भूकंप से मानवीय और भौतिक नुकसान होने से त्रस्त व पीड़ित बालक-बालिकाओं को खुशी प्रदान करने के लिए इस बार २४ जनवरी २०१६ को सिन्धुपाल्चोक जिले के ठोकर्पा-३ जामुने स्थित श्री बाल शिक्षा प्राथमिक विद्यालय में अध्ययनरत ८० जन बालक-बालिकाओं के लिए शैक्षिक सामग्रियां, स्कूल बैग, टोपी एवं दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्रियों का वितरण करने का मौका प्राप्त हुआ। इससे बालक-बालिकाओं को अपार खुशी प्राप्त हुई।

विभिन्न सामाजिक क्रियाकलापों की तस्वीरें

नागरिक साफ-सफाई अभियान हेतु प्रशंसा-पत्र ग्रहण करते।समाज विकास केन्द्र, नेपालगञ्ज

हस्तकला प्रशिक्षण एवं महिला मिलन
यूराशिया रेयूकाई २८वीं शाखा, गौरादह

युवा मिलन
समाज विकास केन्द्र, सिलिगुडी

निःशुल्क औषधि वितरण करते हुए
यूराशिया रेयूकाई ११वीं शाखा, सानेपा

हस्तकला प्रशिक्षण
यूराशिया रेयूकाई १७वीं शाखा, सिद्धार्थनगर

ब्यूटिशियन प्रशिक्षण
चिसापानी, बाँके